भारतीय उच्चायोग

विक्टोरिया (माहे) सेशेल्स

*****

हिंदी दिवस २०२३

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय उच्चायोग, विक्टोरिया (माहे) सेशेल्स, द्वारा १४ सितम्बर २०२३ को, उच्चायोग परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया|

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कविता पाठ (कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग) और हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई| इस प्रतियोगिता में कुछ प्रतिभागियों ने स्वरचित कविताओं का भी पाठ किया|

कविता पाठ (कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग) और हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

इस अवसर पर उच्चायुक्त महोदय ने अपने संबोधन में हिन्दी के महत्व की बात कही एवं आज के कार्यक्रम में बच्चों एवं वयस्कों की उत्साह और उमंग से भागीदारी की सराहना करी|

दो घंटे के इस कार्यक्रम में लगभग ५० प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और हिंदी के प्रचार एवं प्रसार में उत्साह से योगदान दिया|

*****